हारे का बनता है सहारा बिगड़े बनाता काम

हारे का बनता है सहारा,
बिगड़े बनाता काम,
खाटू वाला श्याम,
मेरा खाटू वाला श्याम,
दूर करे दु:ख ये जीवन से,
देता सुख आराम,
खाटू वाला श्याम,
मेरा खाटू वाला श्याम।bd।

कभी नहीं लौटाता खाली,
ऐसा ये दातारि है,
यही अदा तो मेरे श्याम की,
लगती सबको प्यारी है,
इसीलिए तो सबकी जुबा पे,
रहता एक ही नाम,
खाटू वाला श्याम,
मेरा खाटू वाला श्याम।bd।

इस कलयुग में बज रहा है,
डंका लीले वाले का,
जिसको देखो वही दीवाना,
हुआ है खाटू वाले का,
छोटे गाँव को बनाया,
जिसने पावन धाम,
खाटू वाला श्याम,
मेरा खाटू वाला श्याम।bd।

ऐसा प्यार कहीं ना मिलता,
जैसा यहाँ पे मिलता है,
खाटू आकर मुरझाया भी,
चेहरा फूल सा खिलता है,
जिसने दिया संसार को 'कुंदन',
प्यार का पैगाम,
Bhajan Diary Lyrics,
खाटू वाला श्याम,
मेरा खाटू वाला श्याम।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हारे का बनता है सहारा,
बिगड़े बनाता काम,
खाटू वाला श्याम,
मेरा खाटू वाला श्याम,
दूर करे दु:ख ये जीवन से,
देता सुख आराम,
खाटू वाला श्याम,
मेरा खाटू वाला श्याम।bd।

Singer – Anjana Arya

---

https://youtu.be/ufg9w4IXqWQ

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com